Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to repair Jaya Prabha Setu road in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): मैं अपने संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार के सारण जिला के मांझी जो बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों के मन और मिजाज को मिलाकर चलने वाला एक ऐसा सीमावर्ती ऐतिहासिक स्थल है, जहां से भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या से प्रवाहित होने वाली नदी सरयू जी (घाघरा) बहती हैं। इसी नदी के ऊपर देश के प्रथम एवं द्वितीय आजादी के नायक लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी एवं उनकी पत्नी प्रभावती जी के नाम पर जयप्रभा सेतु है। इस सेतु के शिलान्यास, निर्माण और शुभारंभ की कहानी अपने आप में अनोखी है। जिसे हम सब जानते हैं। यह सेतु देश के अमर पुत्र माननीय पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर जी के अथक प्रयास से बना था। आज यह पुल जर्जर स्थिति में है। यह पुल बिहार और उत्तर प्रदेश की जीवन रेखा है। पिछले पांच वर्षों से उपर्युक्त जयप्रभा सेतु का सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है। सेतु का रेलिंग महीनों से टूटा पड़ा है। सड़क पर असंख्य गढ्ढे हैं, प्रत्येक खंभों को जोड़ने वाले रिंग काफी रूप से क्षतिग्रस्त है। इस कारण आए दिन लोग जख्मी और मौत के शिकार हो रहे हैं। ज्ञात सूत्रों के अनुसार, उक्त पुल की जर्जर स्थिति के कारण दुर्घटना में पुल पर एक वर्ष में लगभग 24 लोगों की जानें जा चुकी हैं। अतः महोदय मेरा जनहित में भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध है कि उक्त अति महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक सड़क सेतु को शीघ्रातिशीघ्र मरम्मत कराये जाने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही की जाये क्योंकि यह सड़क (एन.एच.31) राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय, एन.एच.ए.आई. के अधीन है।